भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 92
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

उत्तर प्रदेश में एन॰आर॰एच॰एम॰ योजना के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार

92. **श्री सत्यव्रत चतुर्वेदीः**
श्री मोती लाल वोराः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत उत्तर प्रदेश को गत तीन वर्षों में केन्द्र सरकार से कितनी धनराशि मिली है;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश सरकार को केन्द्र से मिली सहायता के खर्च का उसके द्वारा वर्ष–वार ब्यौरा दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस राशि में भ्रष्टाचार के कारण उत्तर प्रदेश में तीन सीएमओ की हत्या की जा चुकी है;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार ने सम्पूर्ण प्रकरण की जांच कराई है; और

(च) यदि नहीं, तो तत्संबंधी कारण क्या हैं?

उ त्त र

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बन्द्धोपाध्याय)

(क) वित्तीय वर्ष 2008-09, 2009-10 और2010-11 के लिए उत्तर प्रदेश के संबंध में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आरंभिक शेष, आबंटन, निर्मुक्ति, व्यय और अव्ययित बकाया को दर्शाने वाला विवरण उपाबन्ध में दिया गया है।

(ख) और (ग) जी, हॉं, राज्य ने तिमाही वित्तीय प्रबन्धन रिपोर्टों के माध्यम से निधियों के उत्तरोतर उपयोग की सूचना दी है। इसके अतिरिक्त, राज्य द्वारा किए गए व्यय की भी सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा की गई है।

(घ) से (च) उत्तर प्रदेश में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की हत्या के मामलों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच की जा रही है।

उपाबंध

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

एनआरएचएम वित्त प्रभाग

उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2008-09, 2009-10 और 2010-11 के लिए एनआरएचएम के अन्तर्गत आदि शेष, निर्मुक्ति, व्यय और अव्ययित बकाया को दर्शाने वाला विवरण

(करोड़ रूपये में)

क्र.स	कार्यक्रम	आरंभिक शेष	2008-09		2009-10		2010-11		31.3.2011 की स्थिति के अनुसार अव्ययित बकाया
			निर्मुक्ति	व्यय	निर्मुक्ति	व्यय	निर्मुक्ति	व्यय	
1	आर.सी.एच.।।	164.21	373.25	459.16	533.68	555.97	605.90	655.09	6.82
2	एनआरएचएम के अन्तर्गत अतिरिक्त घटक	654.11	305.43	300.53	542.30	602.67	671.97	959.57	311.04
3	नेमी रोग प्रतिरक्षण	28.12	31.13	43.69	40.55	47.03	33.94	46.51	-3.49
4	पल्स पोलियो रोग प्रतिरक्षण	47.50	249.28	189.07	234.20	171.99	0.00	128.66	41.26
5	अवसंरचना अनुरक्षण	-171.38	403.96	447.99	505.77	765.12	772.06	800.93	-503.64
6	राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम								
क	एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम	2.73	0.00	0.00	2.75	1.96	0.00	2.91	0.61
ख	राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम	0.13	0.09	0.05	0.00	0.00	0.00	0.00	0.17
ग	राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम*	2.97	5.20	4.21	6.34	5.21	4.26	4.13	5.21
घ	राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम	-9.32	41.28	38.69	36.31	23.07	28.78	27.58	7.71
ङ	राष्ट्रीय वेक्टर जन्य रोग नियंत्रण कार्यक्रम	0.00	20.08	20.09	20.00	15.10	27.31	20.65	11.54
च	संशोधित राष्ट्रीय कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम	-5.28	45.21	42.58	43.91	42.62	47.15	47.27	-1.48
	महायोग	899.76	1474.91	1546.06	1965.82	2230.74	2191.36	2693.30	384.35

टिप्पणी - * कई प्रकार के शामिल वस्तुगत अनुदान निर्दिष्ट करता है।
वित्तीय वर्ष 2009-10 और 2010-11 के व्यय अनंतिम है।

निर्मुक्तियां केन्द्रीय सरकार के अनुदानों से संबंधित हैं और इनमें राज्य का शेयर शामिल नहीं है।
आरंभिक और अव्ययित बकाया की गणना करने में केवल पॉजिटिव बकायों को ध्यान में रखा गया है।